न्यायालय, उपखण्ड अधिकारी एंव पदेन भूअभिलेख अधिकारी श्रीकरणपुर, जिला श्री गंगानगर

पीठासीन अधिकारी : श्री श्योराम (आर.ए.एस.)

प्रकरण संख्या : 60/2024 (जी.सी.एम.एस. 2024/91)

| वादी | बनाम | प्रतिवादी |
|---|---|---|
| 1. जसकरण सिंह उर्फ यशकरण सिंह पुत्र सरजीत सिंह जाति कम्बोसिख निवासी 24 एफ तहसील श्रीकरणपुर। | | 1. स्टेट ऑफ राजस्थान जरिये तहसीलदार श्रीकरणपुर |

तारीख रजू:– 22.04.2024

उपस्थित: 1.श्री बलवीर सिंह अधिवक्ता वादी

वाद पत्र अन्तर्गत धारा 88 आरटीए, 136 एलआरएक्ट,

––निर्णय–– दिनांक : 30.08.2024

1. संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि वादी के द्वारा वाद पत्र पेश कर निवेदन किया कि राजस्व ग्राम 24 एफ, पटवार हल्का 25 एफ गुलाबेवाला, भू.अ.नि.क्षेत्र अरायण, तहसील श्रीकरणपुर की जमाबंदी सम्वत 2075 ता 2078 के खाता संख्या 23/22 के मुरब्बा नम्बर 40, 52, 53, 55, 68/33 की कुल 6.435 हैक्टेयर भूमि में वादी का नाम जसकरण सिंह पुत्र सरजीत सिंह दर्ज है। वादी के पहचान सम्बधी दस्तावेजो में नाम यशकरण सिंह पुत्र सरजीत सिंह अंकित है। वादी के नाम में भिन्नता होने के कारण कृषि भूमि को हिस्सा, ठेका पर काश्त करवाने, पानी की बारी बंधवाने, कृषि भूमि पर बैंक ऋण आदि प्राप्त करने, कृषि भूमि पर प्राप्त होने वाली राज्य सरकार/केन्द्र सरकार से अनुदान राशि, मुआवजा राशि इत्यादि प्राप्त करने अन्य विभिन्न समस्याओं से झूजना पड़ता है। इस कारण वादी मुताबिक दस्तावेजो के आधार पर नाम संशोधित करवाने हेतु घोषणात्मक अनुतोष का वाद पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर रहा है। वर्तमान में अनुदान/ऋण संबंधित आवेदन पत्र ऑनलाईन हो चुके है, जिनका दस्तावेजो के अनुरूप मिलान किया जाता है, उसके पश्चात् ही अनुदान/ऋण स्वीकृत करना अनिवार्य कर दिया है। इस कारण विभिन्न समस्याओ से झूजना पड़ रहा है। इसलिए भी उक्त संशोधन करवाने हेतु वादी माननीय न्यायालय में वाद पत्र प्रस्तुत कर उक्त आशय के संशोधन हेतु घोषणा करवा रहा है। यही वाद कारण है। वादपत्र न्यायालय के क्षेत्राधिकार, श्रवणाधिकार व पूर्ण कोर्ट फीस पर पेश है। अतः वाद पत्र प्रस्तुत कर निवेदन है कि वाद पत्र स्वीकार किया जाकर राजस्व ग्राम 24 एफ, पटवार हल्का 25 एफ गुलाबेवाला, भू.अ.नि.क्षेत्र अरायण, तहसील श्रीकरणपुर की जमाबंदी सम्वत 2075 ता 2078 के खाता संख्या 23/22 में वादी के अंकित नाम जसकरण सिंह के स्थान पर जसकरण सिंह उर्फ यशकरण सिंह दर्ज किए जाने के आदेश दिए जावे।
2. वादपत्र दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रतिवादी को जरिए सम्मन तलब किया गया। तहसीलदार श्रीकरणपुर के पंत्राक 2627 दिनांक 07.08.2024 से रिपोर्ट प्राप्त हुई। तहसीलदार श्रीकरणपुर की रिपोर्ट मुताबिक पटवारी हल्का द्वारा मौके पर पूछताछ की गई एंव फर्दमौका बनाया गया जिसमें उपस्थितजनों ने बताया कि जसकरण सिंह व यशकरण सिंह एक ही व्यक्ति के दो नाम है।
3. बहस सुनी गई व पत्रावली का अवलोकन किया, वादपत्र वादी, शपथ पत्र, रिपोर्ट तहसीलदार श्रीकरणपुर का अध्ययन किया। वादी अधिवक्ता की बहस को सुनते हुए संगत विधिक प्रावधानों का अध्ययन किया। पत्रावली तथा इसके साथ प्रस्तुत दस्तावेजात यथा राजस्व ग्राम 24 एफ, पटवार हल्का 25 एफ गुलाबेवाला, भू.अ. नि.क्षेत्र अरायण, तहसील श्रीकरणपुर की जमाबंदी सम्वत 2075 ता 2078 के खाता संख्या 23/22 की छायाप्रति, पैन कार्ड की छायाप्रति, बैंक पासबुक की छायाप्रति, परिवार राशन कार्ड की छायाप्रति, पंजीयन प्रमाण प्रवासी भारतीय नागरिक कार्ड धारक की छायाप्रति के अवलोकन से स्पष्ट है। कि वादी के द्वारा राजस्व ग्राम 24 एफ, पटवार हल्का 25 एफ गुलाबेवाला, भू.अ.नि.क्षेत्र अरायण, तहसील

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
श्री करणपुर

श्रीकरणपुर की जमाबंदी सम्वत 2075 ता 2078 के खाता संख्या 23/22 में वादी के अंकित नाम जसकरण सिंह के स्थान पर जसकरण सिंह उर्फ यशकरण सिंह दर्ज करवाने बाबत निवेदन किया गया है। वादी के पहचान सम्बन्धी दस्तावेज पैन कार्ड की छायाप्रति, बैंक पासबुक की छायाप्रति, परिवार राशन कार्ड की छायाप्रति, पंजीयन प्रमाण प्रवासी भारतीय नागरिक कार्ड धारक की छायाप्रति में नाम यशकरण सिंह दर्ज है। रिपोर्ट तहसीलदार श्रीकरणपुर के अनुसार पटवारी हल्का द्वारा मौके पर पूछताछ की गई एंव फर्दमौका बनाया गया जिसमें उपस्थितजनों ने बताया कि यशकरण सिंह व जसकरण सिंह एक ही व्यक्ति के दो नाम है। सरपंच ग्राम पंचायत 25 एफ गुलाबेवाला के तस्दीक प्रमाण पत्र के अनुसार यशकरण सिंह व जसकरण सिंह एक ही व्यक्ति के दो नाम है। इनका दोनों नामों से जाना जाता है। अतः वाद पत्र वादी रिपोर्ट तहसीलदार श्रीकरणपुर, वादी के द्वारा प्रस्तुत पहचान सम्बन्धी दस्तावेजात, शपथ पत्र, सरपंच ग्राम पंचायत 25 एफ गुलाबेवाला के तस्दीक प्रमाण पत्र के आधार पर स्वीकार किया जाना हम विधिसंगत समझते है।

**—:आदेश:—**

**4.** अतः उपर्युक्त विवेचन के आलोक में वादपत्र वादी अंतर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955, 136—राजस्व भू अधिनियम 1956 भली—भांति साबित होने से स्वीकार किया जाकर राजस्व ग्राम 24 एफ, पटवार हल्का 25 एफ गुलाबेवाला, भू.अ.नि.क्षेत्र अरायण, तहसील श्रीकरणपुर की जमाबंदी सम्वत 2075 ता 2078 के खाता संख्या 23/22 में वादी के अंकित नाम जसकरण सिंह पुत्र सरजीत सिंह के स्थान पर जसकरण सिंह उर्फ यशकरण पुत्र सरजीत सिंह दर्ज किये जाने के आदेश दिए जाते है। उक्त खाता के शेष अंकन व रहन बदस्तुर रहेगे। उपर्युक्तानुसार राजस्व रिकॉर्ड में अंकन किया जावे। पर्चा डिक्री इस आशय का जारी हो। पर्चा डिक्री की एक प्रति तहसीलदार श्रीकरणपुर को पालनार्थ प्रेषित हो। पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम होकर बाद तकमील जाब्ता पत्रावली दाखिल दफ्तर/ लेख भण्डार जमा हो।

{श्योराम (आर.ए.एस)}
सहायक कलेक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी
श्री करणपुर जिला श्रीगंगानगर

निर्णय आज दिनांक 30.08.2024 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर सरे ईजलास सुनाया गया।

{श्योराम (आर.ए.एस)}
सहायक कलेक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी
श्री करणपुर जिला श्रीगंगानगर

# अंतिम डिक्री बमुकदमे इब्तदाई

(आर्डर 20, रूल 6 7, जाब्ता दीवानी)

(Civil Procedure Code, Appendix "D 1")

अज अदालत सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) मुकाम श्रीकरणपुर

ब इजलास श्री श्योराम (आर.ए.एस.)

जसकरण सिंह उर्फ यशकरण सिंह बनाम राजस्थान सरकार

धारा अन्तर्गत 88 आर.टी.ए., 136 भू.रा.अधि.

मुकदमा नम्बर 60/2024

निर्णय दिनांक :- 30.08.2024

यह मुकदमा आज वास्ते इन्फिसाल पेश होकर समक्ष उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) श्रीकरणपुर व हाजरी वादी अधिवक्ता श्री बलवीर सिंह ... आदेश दिया जाता है व डिक्री दी जाती है कि वादपत्र वादी अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955, 136 राजस्व भू अधिनियम 1956 भली-भांति साबित होने से स्वीकार किया जाकर राजस्व ग्राम 24 एफ, ... 25 एफ गुलाबेवाला, भू.अ.नि.क्षेत्र अरायण, तहसील श्रीकरणपुर की जमाबंदी संवत 2075 ता 2078 के खाता संख्या 23/22 में वादी के अंकित नाम यशकरण सिंह पुत्र सरजीत सिंह के स्थान पर जसकरण सिंह उर्फ यशकरण पुत्र सरजीत सिंह दर्ज किये जाने के आदेश दिए जाते है। उक्त खाता के शेष अंकन व इन्द्राज बदस्तूर रहेगे। उपर्युक्तानुसार राजस्व रिकॉर्ड में अंकन किया जावे। आज दिनांक 30.08.2024 को यह पर्चा डिक्री मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी की गई।

(श्योराम (आर.ए.एस.))
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
श्री करणपुर
सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर

| मुददई | रुपया | पैसा | मुदायली | रुपया | पैसा |
|---|---|---|---|---|---|
| स्टाम्प अर्जीदावा | 02 | 00 | स्टाम्प वकालतनामा | 00 | 00 |
| स्टाम्प वकालतनामा | 02 | 00 | स्टाम्प अर्जी | 00 | 00 |
| स्टाम्प ड्यूटी | 00 | 00 | मेहनताना वकील पर | 00 | 00 |
| योग | 04 | 00 | योग | 00 | 00 |

(श्योराम (आर.ए.एस.))
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
श्री करणपुर
सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर

दिनांकः 30.08.2024

क्रमांकः रीडर/2024/479

प्रतिलिपिः तहसीलदार श्रीकरणपुर को पालनार्थ भेजकर लेख है कि उक्त डिक्री की नियमानुसार पालना कर, पालना रिपोर्ट अद्योहस्ताक्षरकर्ता न्यायालय में भिजवाना सुनिश्चित करे।

(श्योराम (आर.ए.एस.))
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
श्री करणपुर
सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर